


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 298 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 12 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

## शिवना में कूदी युवती, एक युवक ने देखते ही दोस्त की मदद से बचाया

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर केकाश्तकार होटल के नीचे शिवना नदी जाने वाले रास्ते पर शनिवार शाम को एक युवती दौड़ती हुई शिवना नदी में कूद गई। इधर, क्षेत्र में बने घर से एक युवक बाहर की ओर देख रहा था। उसने जब युवती को कूदते देखा तो तुरंत अपने दोस्त को साथ में लेकर उसकी मदद से युवती को नदी से बाहर निकाल लिया। इस तरह युवती को बचाया जा सका। बता दें कि वर्तमान में बारिश का मौसम है और शिवना में पर्याप्त पानी है। ऐसे में थोड़ी देर होती तो युवती के साथ अनहोनि भी होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। युवती भूखी गांव की निवासी बताई जा रही है, जो काश्तकार होटल के नीचे नदी क्षेत्र में टहल रही थी। जब वह नदी में कूदी तो रहवासी रेहान कुरैशी ने देख लिया। रेहान ने जागरूकता व सक्रियता का परिचय दिया व अपने दोस्त अशफाक को बुलाकर साथ में लिया। दोनों के द्वारा नदी से युवती को बाहर निकाल लिया। बताते हैं कि युवती के परिजन उसकी कोई बात नहीं मान रहे थे, इसके चलते उसने यह कदम उठाने की जेहमत उठाई।

### बड़े अस्पताल के सामने डायग्नोस्टिक्स सेंटर पर पिछले दिनों आग लगाने की हो चुकी है वारदात...

# पम्पों पर बोतल में भरा जा रहा पेट्रोल!

### पेट्रोल पम्प खोलना बना सेठ कहलाने वाला व्यापार, धड़ल्ले से खुल रहे जिले में पम्प

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। पेट्रोलियम कंपनियों ने जगह-जगह पम्प स्टेशन खोल दिए हैं। इसके बाद भी पेट्रोल व डीजल खुले रूप में यानी बोतल में बेचा जा रहा है। पूर्व में बोतल में पेट्रोल बेचे जाने पर सख्ती की गई थी। कोई परेशानीभरा व्यक्ति आ भी जाए तो उसे आधार कार्ड सहित परिचय बताना होगा, लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि बिना पूछे और परिचय जाने बेधड़क पेट्रोल बोतल में भरा जाकर वितरित हो रहा है। पूर्व वर्षों पर नजर डालें तो कई जगह आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। पिछले मई महीने की 28-29 तारीख को ही बड़े अस्पताल के सामने एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर आग लगाने जैसी वारदात को अंजाम दिया जा चुका है। बावजूद इसके इस पर सख्ती बेअसर है।**

जिले में शहर को छोड़कर नगरों व ग्रामों में पेट्रोल व डीजल की दुकानें सज गई है। हालांकि पेट्रोल खत्म होने पर लोगों को इससे सहुलियत मिलती है, जिस कारण इस बारे में किसी ने भी शिकायत करना मुनासिब नहीं समझा है। बता दें कि पेट्रोल को अवैध तरीके से बेचना कानूनन जुर्म है । लेकिन, इसका खुलेआम उल्लंघन होता रहा है । कभी-कभी तो प्रशासनिक अधिकारी भी ऐसे अवैध पेट्रोल की दुकानों से पेट्रोल भरवाते नजर आ जाते हैं। बावजूद इसके कार्रवाई की डंडा घुमाने में किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने भी पहल नहीं की है।

**आगजनी की घटनाओं में उपयोग हुआ है पेट्रोल**-बता दें कि बिते कई वर्षों में जिले में हुए विवाद के बाद आगजनी की भी घटना हुई है। इस घटना में ग्राम में बिक रहे खुलेआम पेट्रोल व डीजल का उपयोग करने की बात सामने आई है। इस तरह कानून व्यवस्था को बिगाड़ने में भी गुमटी पर बेच रहे पेट्रोल विक्रेता बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके इस बारे में जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देने की कोशिश नहीं कर रहे हैं।

**पेट्रोल की जगह भर दिया था डीजल**-ढाबला गांव के पेट्रोल पम्प पर पिछले दिनों ही एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक पीड़ित ने यह शिकायत की थी कि उसे पेट्रोल भराना था, लेकिन इसकी जगह डीजल भर दिया गया है। गलती हुई है लेकिन मुझे नुकसान की भरपाई नहीं हो पाई है।

**अब आसानी से उपलब्ध हो जाता है पेट्रोल व डीजल**-पूर्व वर्षों में तो पेट्रोल गांव-गांव में रोड पर गुमटियों में बिकता रहा है। समय के साथ पेट्रोल पम्प खुलने लगे, और इनकी संख्या भी बढ़ती गई। यानी अब कुछ किलोमीटर दूरी पर ही पेट्रोल पम्प आ जाता है। पेट्रोल पम्प की बढ़ती संख्या के चलते अब पेट्रोल व डीजल भी आसानी से उपलब्ध होने लगा है। इसके चलते अब गुमटियों में पेट्रोल बिकने जैसी नियम विरुद्ध की गई अवस्थाएं कम हो गई है अथवा एक तरह से समाप्त सी हो गई है।

**थोड़ी दूर भी जाना मुनासिब नहीं**-यदि गाड़ी में पेट्रोल या डीजल खत्म भी हो जाए तो संबंधित गाड़ी मालिक या बाईक चालक थोड़ी दूर जाना भी मुनासीब नहीं समझ रहे हैं। वे बोतल लेकर पम्प तक पहुंच जाते हैं, जहां से पेट्रोल बोतल में आसानी से उपलब्ध होने लगा है। इस प्रथा पर अंकुश लगाए जाने की भी जरूरत आमजन में महसूस हो ही है। क्योंकि सवाल सुरक्षा का है।

### मंदसौर कलेक्टर के बाद अब पुलिस अधीक्षक का तबादला...

# अभिषेक आनंद बने मंदसौर के पुलिस कप्तान

### नीमच कलेक्टर भी बदले गए, हिमांशुचंद्र होंगे अब नीमच कलेक्टर



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के पुलिस कप्तान को भी बदल दिया गया है। अब पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद रहेंगे। आधी रात्रि में जारी तबादला सूची में एसपी अनुराग सुजानिया को भोपाल पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। नए कप्तान अभिषेक आनंद श्योपुर जिले से आ रहे हैं। पूर्व में भी अनुराग सुजानिया श्योपुर से ही ट्रांसफर होकर मंदसौर आए थे। बता दें कि 18 दिन पूर्व 23 जुलाई को मंदसौर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव का तबादल कटनी कलेक्टर के रूप में हुआ था। अब 18 दिन बाद मंदसौर एसपी को भी बदल दिया गया है। नए कप्तान पूर्व में जावरा सीएसपी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं, वहीं वे उज्जैन एएसपी भी रह चुके हैं। उधर, जिला पंचायत सीईओ कुमार सत्यम को भी जिले में काफी समय हो चुका है। माना जा रहा है कि आगामी तबादला सूची में उनको भी बदला जा सकेगा। इसके अलावा नीमच कलेक्टर को भी बिती रात्रि में जारी सूची में बदल दिया गया है। अब हिमांशुचन्द्र नीमच कलेक्टर होंगे।

मध्यप्रदेश में शनिवार देर रात सवा घंटे में 8 जिलों के कलेक्टर, 8 एसपी समेत 47 आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। रात एक बजे के बाद सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने आईएएस अफसरों की सूची जारी की। इसके बाद रात करीब सवा दो बजे गृह विभाग ने आईपीएस की लिस्ट जारी कर दी। सुबह अफसर जब जागे तो उन्हें तबादलों की जानकारी मिली। अब सोमवार को जॉइनिंग देने के निर्देश भी जारी हो गए हैं। अब बात करें मंदसौर की तो एसपी अनुराग सुजानिया को पुलिस मुख्यालय स्थानांतरित किया गया है। उनकी जगह अभिषेक आनंद अब मंदसौर पुलिस कप्तान के रूप में पुलिस प्रशासन की कमान संभालेंगे। इधर, नीमच जिले में कलेक्टर को भी बदल गया है। नीमच जिले के वर्तमान कलेक्टर दिनेश जैन को अपर सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल स्थानांतरित किया गया है। वहीं भोपाल के अपर कलेक्टर हिमांशु चंद्र को नीमच कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि, हिमांशु चंद्र वर्ष 2015 बैंच के आईएएस अधिकारी हैं। वे सीईओ जिला पंचायत व अपर कलेक्टर इंदौर, सीईओ जिला पंचायत छतरपुर, एसडीएम सौशर, छिंदवाड़ा, इटारसी, होशंगाबाद सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

**5 आईएएस पहली बार कलेक्टर, 15 अगस्त के बाद एक और सूची**-बताया जा रहा है कि 15 अगस्त के बाद कलेक्टरों के ट्रांसफर की एक और सूची आ सकती है। शनिवार आधी रात को जारी सूची में 2015 बैच के 5 आईएएस को पहली बार कलेक्टर बनाया गया है। इनमें जनसंपर्क डायरेक्टर रहे रोशन कुमार सिंह, मृणाल मीणा, हर्ष सिंह, हर्षल पंचोली और हिमांशु चंद्रा के नाम शामिल हैं।

### मोडिफिकेशन से बढ़ेगी यात्री ट्रेन की रफ्तार...

# दिल्ली-मुंबई रूट पर 160 की स्पीड से भागेगी रेलगाड़ी

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** देश के प्रमुख दिल्ली-मुंबई रूट पर ट्रेनों को 160 किमी/घंटे की स्पीड से दौड़ाने के लिए रेलवे ने मिशन रफ्तार को तेज कर दिया है। रतलाम-नागदा सेक्शन का काम पूरा होने आया है। ऐसे में अब रेलवे ने रतलाम-गोधरा सेक्शन में फोकस कर लिया है।

इसमें भी सबसे बड़ा काम है ट्रेनों को बिजली की सप्लाई करने वाले ट्रैक के ऊपर डाली जानी वाली केबल यानी ओएचई (ओवर हैड इक्विपमेंट) का मॉडिफिकेशन। इसमें 1 गुणा 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम को 2 गुणा 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम किया जाएगा, ताकि एक सेक्शन में चल रही कई ट्रेनों को समान रूप से पॉवर सप्लाई मिलती रहे। इसके लिए ट्रैक के दोनों तरफ लगे बिजली के पोल के साथ अन्य उपकरणों को भी बदला जाएगा। एक समान पावर सप्लाई के लिए सब स्टेशन भी बनेंगे। इसके लिए रतलाम मंडल के कर्षण एवं वितरण विभाग (टीआरडी) ने टेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार रतलाम से गोधरा तक के करीब 180 किमी किलोमीटर के ओएचई सिस्टम को और ज्यादा मजबूत बनाया जाएगा।

वर्तमान में दिल्ली से मुंबई के बीच रेलवे 5 सेक्शन में मिशन रफ्तार पर काम कर रहा है। दिल्ली से मथुरा, मथुरा से कोटा, कोटा से नागदा, नागदा से गोधरा और गोधरा से मुंबई तक का रेलवे ट्रैक शामिल है। इनमें से मुंबई डिवीजन में कुछ हिस्से में ट्रायल रन भी हो चुका है। काम ऐसे ही चलता रहा तो भी 160 किमी की रफ्तार पर ट्रेन 2026 तक ही दौड़ पाएगी। बता दें कि पांच साल पहले राजधानी रूट पर सेमी हाईस्पीड से ट्रेन चलाने के लिए रेलवे ने मिशन रफ्तार परियोजना की शुरुआत की थी। वर्तमान में 1478 किमी लंबे रूट पर करीब 8 हजार करोड़ रुपए से प्रोजेक्ट से जुड़े काम पूरे होने को आए हैं। इसमें रतलाम मंडल सहित पश्चिम रेलवे का लगभग 792 किमी का रेलवे रूट शामिल है। मिशन से जुड़े अधिकारी की मानें तो पहले 130 किमी प्रति घंटा के ट्रायल होंगे, इसके बाद चरणबद्ध 160 किमी प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल होंगे।

**मिशन रफ्तार के काम जो रतलाम मंडल में चल रह**-✻ रतलाम-नागदा सेक्शन के सभी निर्जो को मजबूत किया जा चुका है। ऐसा ही रतलाम-गोधरा में भी होगा। ✻ अब रेलवे पांच कर्वरी-अलाइनमेंट कर चुका, बाकी का सुधार जल्द चालू हो जाएगा। ✻ ट्रैक के दोनों तरफ बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है, साल अंत यह काम भी निपट जाएगा। ✻ रतलाम-नागदा का ओएचई सिस्टम भी अपग्रेड कर दिया गया है, अब रतलाम-गोधरा की बारी है।

**ऐसी है वर्तमान में रफ्तार**

| रेलखंड स्पीड | किमी/घंटा |
|---|---|
| दिल्ली मथुरा | 130 |
| मथुरा कोटा | 130 |
| कोटा नागदा | 130 |
| नागदा रतलाम | 130 |
| रतलाम मेघनगर | 110 |
| मेघनगर लिमखेड़ा | 120 |
| गोधरा मुंबई | 130 |

#### मिशन रफ्तार से ये फायदे मिलेंगे

✻ दिल्ली से मुंबई के सफर में 13 से 13.30 घंटे लगेंगे, अभी 15 से 15.30 घंटे लग रहे। ✻ यात्रा का समय घटने से नई गाड़ियां आसानी से चलाई जा सकेंगी। ✻ यात्रियों की संख्या बढ़ने से यात्री व अन्य आय में वृद्धि होगी। ✻ मालगाड़ियां भी ज्यादा चलेंगी, जिससे रेलवे का राजस्व बढ़ेगा।

### त्यौहारों पर मिलावट का खेल, गुलाब जामुन के रूप में केमिकल जा रहा शरीर में...

# मिलावट : चना दाल 87 रु. किलो, बेसन मिल रहा 82 रु. किलो

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** राखी के त्यौहार से पहले मिलावटखोर सक्रिय है। बेसन और गुलाब जामुन बनाने वाली सामग्री के अलावा अन्य खाद्य पदार्थो में जमकर मिलावट हो रही है। केमिकल और शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले अन्य सामान खरीदकर लोग घर ले जा रहे हैं। इसका प्रमाण है बेसन और गुलाब जामुन तैयार करने वाला पाउडर। चना दाल का मूल्य 87 रुपए किलो है। वाजिब बात है कि इसे पीसकर बनाए जाने वाले बेसन की लागत बढ़ जाना चाहिए। लेकिन कई जगहों पर 82 रुपए किलो होलसेल के दाम में बेसन दिया जा रहा है। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं इसमें मिलावट हो रही है। इसके अलावा गुलाब जामुन तैयार करने वाले ब्रांडेड पाउडर की कीमत पचास रुपए तक है। जबकि होलसेल में गुलाब जामुन तैयार करने वाला पाउडर उन्नीस से इक्कीस रुपए में मिल रहा है।

विभाग के आला अधिकारियों की अनदेखी एवं कठोर दंड का प्रावधान नहीं होने से शहर के गली-चौराहों व जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटखोरी का कारोबार चरम पर है। शहर सहित जिले के कई होटलों में ग्राहकों को दूषित खाद्य सामग्री परोसी जा रही है। इससे अनजान ग्राहक विभिन्न बीमारियों को गले लगा रहे है। यह हम नहीं कह रहे है यह विभाग के आंकड़े बयां कर रहे है। अभी तक विभाग द्वारा की गई कार्रवाईयों में दूध, दही और तेल अवमानक पाए गए है। अब त्योहारों से पहले मिलावटखोर सक्रिय नजर आ रहे हैं। बेसन, मिठाईयां, घी, मावा सहित अन्य कई खाद्य सामग्री की शुद्धता पर सवालियां निशान खड़े हो रहे हैं।

**यहां हो रहा बेसन में खेल**-त्योहारों से पहले बेसन में खेल को आसानी से समझा जा सकता है।कई जगहों पर बेसन होलसेल में अस्सी से बय्यासी रुपए किलो में बिक रहा है। अब चना दाल पर गौर करते हैं। जिससे बेसन तैयार किया जाता है। चना दाल की कीमत है 87 रुपए किलो। चना दाल से बेसन तैयार करने में पीसाई, लेबर चार्ज, बिजली बिल सहित अन्य खर्च होता है। वाजिब बात है कि चना दाल से बेसन के दाम ज्यादा होना चाहिए। लेकिन आश्चर्य की बात है कि बेसन के दाम इससे कम है। कहीं न कहीं बेसन में मिलावट की जा रही है।

**गुलाब जामुन के रूप में घर पहुंच रहा केमिकल**-गुलाब जामुन बाजार में चार सौ रुपए किलो तक है। त्योहारों पर इसकी मांग ज्यादा होती है। गरीब वर्ग बाजार से गुलाब जामुन का पाउडर खरीदकर घर ले जाते हैं। इससे गुलाब जामुन बनाया जाता है। अब दो सौ ग्राम के पैक पर गौर फरमानते हैं। मोहन या चार सौ बीसी जैसे नामी ब्रांड की होल सेल कीमत पचास रुपए तक हैं। इस पर प्रिंट रेट होता है सौ रुपए तक। बाजार में दुकानदार इसके सित्तर रुपए तक लेते हैं। यहां तक ठीक है। लेकिन कई बिना बिल के पैकिंग के गुलाब जामुन पाउडर मिल रहे हैं। इसका होलसेल कीमत है बीस से बाईस रुपए किलो। इन पर एमआरपी होती है सित्तर रुपए तक। इसे दुकानदार साठ रुपए तक बेचते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ब्रांडेड पैकेट के गुलाब जामुन पाउडर को मिल्क पाउडर सहित अन्य चीजों से मनाया जाता है। जबकि सस्ता पैकेट निम्न स्तर की क्वालिटी वाले मैदे और केमिकल से तैयार किया जाता है।

**यह होता है शरीर को नुकसान**-✻ मिलावटी दूध या घी के सेवन से स्नायु तंत्र प्रभावित होता है। खासतौर पर बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ✻ मिलावटी मसाले व अन्य खाद्य पदार्थ उदर संबंधी बीमारियों को जन्म देते है। ✻ मिलावटी उत्पाद त्वचा सहित एलर्जिक का कारण बनते है। ✻ खाद्य तेल में राइस ऑइल की मिलावट तमाम बीमारियों का कारण बनती है।

### आलोट क्षेत्र से सीतामऊ थाने के धतुरिया ग्राम में नदी से पकड़ रहा था मछलियां...

# चम्बल नदी में पानी के भंवर में फंसा युवक, मृत्यु

**सीतामऊ, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** साताखेड़ी चौकी के समीप गांव धतुरिया लगता है। यहां चम्बल नदी है। नदी के पाल के समीप कुछ लोग मछलियां पकड़ रहे थे। डोंगी के द्वारा मछलियां पकड़ते समय आलोट क्षेत्र का एक युवक नदी में पनप रहे भंवर के चक्रव्यूह में फंस गया। उसने खुद को बचाने की भी भरसक कोशिश की, लेकिन प्रयास सफल नहीं हो पाए। युवक के पिता और भतीजा भी नदी के बाहर थे। उन्होंने भी रस्सी फेंककर अथवा अपने तय बचाने के जतन किए, लेकिन ये प्रयास भी नाकाम रहे। इधर, साताखेड़ी चौकी पुलिस को भी सूचना मिल गई थी। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम व्यास व थाने की टीम धतुरिया गांव में मौके पर पहुंची, जहां युवक को नदी से बाहर निकाला गया। उसकी पम्पिंग की गई ताकि कुछ हो सके। बाद में युवक को सीतामऊ अस्पताल ले जाया गया, यहां शनिवार रात्रि में चेक कर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार रतमाल जिले के आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम मजनपुर निवासी युवक कैलाश पिता चन्दरलाल बागरी 35 वर्ष अपने पिता और भतीजे के साथ धतुरिया गांव आकर चम्बल नदी के डेम की पाल के समीप मछलियां पकड़ रहा था। डोंगी की मदद से वह मछलियां पकड़ते समय पानी के भंवर में फंस गया। गहरे पानी में जाने पर डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि, समय रहते पुलिस को भी सूचना मिल गई थी, लेकिन कैलाश बागरी को बचाया नहीं जा सका। पुलिस का मानना है कि यदि आधे घंटे पूर्व यानी 20 मिनिट और पूर्व सूचना मिल जाती तो कैलाश के बचने की उम्मीद बन सकती थी। मामले में पुलिस ने रविवार को पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को जिले भावगढ़ क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। अन्य स्थानों पर धूप छांव वाला मौसम बना रहा। रविवार को सुबह रिमझिम बारिश का दौर चला। मौसम विभाग ने सोमवार को जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिले में औसत बारिश आंकड़ा 21.30 इंच तक पहुंच गया है यह पिछले साल के मुकाबले करीब साढ़े 6 इंच अधिक है। मौसम जानकारों के अनुसार अगले दो तीन दिन गरज चमक की स्थिति बनी रहेगी। 14 अगस्त के बाद सिस्टम स्ट्रॉन्ग होगा, इससे तेज बारिश का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि 12, 13 और 14 अगस्त को प्रदेश में गरज-चमक और बूंदाबांदी का अनुमान है। 14 अगस्त के बाद सिस्टम की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी देखने को मिल सकती है। जिले में रविवार सुबह तक ओवरऑल 21.30 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चंबल नदी पर बने गांधीसागर बांध का जलस्तर 1299.97 फीट पहुंच गया है।

### न ऑनलाईन शिकायत व्यवस्था, न हेल्पलाईन नंबर न पोर्टल या मोबाईल एप...

# सब कुछ ऑनलाइन हुआ, नापतौल विभाग पुराने ढर्रे पर

### कैसे करें शिकायत, इसी झमेले में पीसते ग्राहक, लोगों की पहुंच से दूर हुआ नापतौल विभाग

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कर जमा कराना हो या शिकायत करना हो, आजकल लगभग सभी विभाग अपडेट होकर ऑनलाईन हो गए है। सरकार भी ऑनलाईन व्यवस्था पर ज्यादा जोर डाल रही है। लेकिन सरकार के दावों पोल खोल रहा है नापतौल विभाग। जो अपडेट होने को तैयार नहीं। न शिकायत ऑनलाईन हो सकती है न इस विभाग का हेल्पलाईन नंबर है और न ही कोई विभाग का ऐप है। कार्यालय जाकर लिखित या मौखिक शिकायत की जा सकती है। शिकायत का कितना निराकरण होता है यह बताने की जरुरत नहीं है। कुल मिलाकर आजादी के पहले के समय की तरह वाली व्यवस्थाओं के अनुसार यह सरकारी विभाग चल रहा है।

उपभोक्ताओं से सीधे संबंध रखने वाले नाप-तौल विभाग में अब भी परंपरागत तौर पर ही शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था है, जबकि लगभग सभी विभाग ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को पेट्रोल पंप से लेकर सब्जी खरीदी, किराना लाने, मॉल से खरीदी सहित अन्य जगहों पर कई बार ठगी का शिकार होना पड़ रहा है। वजन कम होने का पता लगने पर जब उपभोक्ता शिकायत करने की सोचता है तो उसे कोई रास्ता नजर नहीं आता। पहले उसे संबंधित विभाग का पता खोजना होता है, फिर कार्यालयीन समय में वहां जाकर लिखित में आवेदन देना होता है। इसके बाद संबंधित विभाग कार्रवाई के लिए निकलता है, लेकिन आम उपभोक्ता इन सब झमेलों में पड़कर अपना समय बर्बाद करने की बजाय चुप रहना पसंद करता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर नाप तौल विभाग भी पोर्टल/मोबाइल ऐप पर शिकायत लेने लग जाए तो लोगों को शिकायतों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा स्थानीय हेल्पलाइन नंबर जारी किए तो और भी सहूलियत होगी।

**कहां और कैसे होगी शिकायत**-मंदसौर निवासी शैलेंद्र खिमेसरा ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक में मंदसौर के एक पेट्रोल पंप से तीन लीटर पेट्रोल डलवाया। इसके बाद वे आगर गए, लेकिन लौटते वक्त रास्ते में बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया, जबकि तीन लीटर पेट्रोल में तो बाइक करीब 180 किमी तक चल सकती है। ऐसे में वे पंप पर गए और कर्मचारी से शिकायत की। लेकिन कर्मचारी ने उनकी बात नहीं मानी और विवाद करने लगा। इस पर शैलेंद्र ने शिकायत करने की सोची, लेकिन संबंधित विभाग के बारे में जानकारी नहीं होने पर वे शिकायत नहीं कर सके। शैलेंद्र के अनुसार नापतौल विभाग को भी ऑनलाइन शिकायत लेना चाहिए या फिर पेट्रोल पंप और अन्य प्रतिष्ठानों पर विभागीय अधिकारियों के संपर्क नंबर लिखना चाहिए।

**50 ग्राम कम निकली तुवर दाल**-रामटेकरी निवासी कपिल शर्मा ने बताया कि वे शहर की एक बड़ी दुकान से एक किलो तुवर दाल लेकर आए। घर आकर उन्होंने देखा तो उन्हें वजन कुछ कम लगा। इस पर उन्होंने पास ही एक दुकान पर वजन किया तो यह 950 ग्राम ही निकला। इस पर वे पैकेट लेकर दुकान पर गए। यहां दुकानदार से बात की तो वह मानने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद कांटे पर वजन किया तो वहां एक किलो ही बताया। इस पर उन्होंने शिकायत करने का मन बनाया। पहले तो ऑनलाइन सर्च किया, लेकिन यहां सफलता नहीं मिली। फिर फ्रीगंज स्थित कार्यालय के लिए निकले, लेकिन शाम होने के कारण कार्यालय बंद हो चुका था। ऐसे में वे संबंधित व्यापारी की शिकायत ही नहीं कर पाए।

**सीएम हेल्पलाईन में लगता है समय**-कम तौल की... शेष पेज 4 पर





## उप मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने जनपद पंचायत मल्हारगढ परिसर में एक पेड मां के नाम लगाया और तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। भारत माता के जय घोष के साथ हर घर तिरंगा अभियान को शुरू किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री नानालाल अटोलिया, नगर परिषद अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार, बडी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे।

# मिनी मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** आजादी के रंग खाकी के संग एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत मन्दसौर पुलिस द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग एवं खेल और युवा कल्याण विभाग मन्दसौर के सहयोग से मिनी मैराथन दौड का आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के निर्देशन में मिनी मैराथन रेस का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन दौड एमआईटी चौराहा से प्रारंभ होकर देवडूंगरी माताजी मंदिर पर समाप्त हुई। मैराथन रेस को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गौतम सोलंकी ने हरी झंडी दिखा के रवाना किया। मैराथन बोर्ड पुरुष एवं महिला वर्ग में अलग-अलग आयोजित की गई थी। मैराथन रेस के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गौतम सोलंकी, नगर पुलिस अधीक्षक श्री सतनाम सिंह, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवडा एवं स्कूल के विद्यार्थी शामिल थे।





## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ कार्यकारिणी गठित

**पिपलियामंडी, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ तहसील मल्हारगढ की बैठक चम्पालाल चोहान के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वानुमति से निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन किया गया। संरक्षक राधेश्याम पंवार, सह संरक्षक जगदीश खत्री, अध्यक्ष प्रवीण आर्य, उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर, कोषाध्यक्ष विजयकमार राठौर, सचिव मदन पंवार, सह सचिव गोपालकृष्ण माली, प्रचार मंत्री चन्द्रशेखर बैरागी, महिला सचिव विद्याबाई, जिला कार्यकारिणी सदस्य कारुलाल मेघवाल को बनाया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारीगण रामेश्वर सोलंकी, सुजानमल जैन, तेजकरण जोशी, राधेश्याम देवड़ा व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## महिला भक्त मित्र मंडल के तत्वावधान में निकली कावड़ यात्रा

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** 11अगस्त 2024 रविवार को द्वादशज्योतिर्लिंग अमलेश्वराय महादेव स्नेह नगर की सामुहिक कांवड यात्रा का हुवा। आयोजन में सर्व प्रथम द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर पर कावड की पूजा अर्चना कर कावड यात्रा का पशुपतिनाथ के लिए निर्धारित रूठ व समय पर मंदिर से रवाना की गई जो आशुतोष महादेव अमलेश्वराय नारायण नगर पर जाकर दर्शन करते हुवे नारायण नगर में विनोद जाट, कमलेश मेहता, नरेन्द्रसिंह तोमर, नरेंद्र मालवीय ने स्वागत सत्कार किया उसके पश्यात शुभ दूध डेयरी मोहनश्री पर मंदिर सेवक एस एल शर्मा ने सभी के लिए गरमागरम पोहे व चिप्स वितरण की।

कावड में सेकडो महिलाओं पुरुषों बचो ने भाग लिया। इस कावड यात्रा का रास्ते में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा नेता नरेश चंदवानी आदि ने गांधी चौराहा पर



स्वागत किया। कावड में जगह जगह केला साबूदाने की खिचडी शिव भक्तों ने बितरण कर कावड यात्रा का स्वागत किया। मनुदीप शर्मा, कमलेश मेहता ने केले वितरण कर पुण्य कमाया तो महिलाओं ने भी भक्ति में कसर नही छोडी वो पूरे रास्ते शिव भक्ति के गीत पर नृत्य करती रही। इस कावड में सभी भक्तो ने आनंद उठाया व आयोजन की सराहना की गई। निर्धारित समय पर 2 बजे भगवान पशुपति नाथ के दर्शन कर सभी रहवासियों की मनोकामना व मन्दसौर में पर्याप्त वर्षा की कामना की। इस मौके विशेष नरेंद्र मालवीय, विनोद बोराना, मनुदीप शर्मा, प्रहलाद माहेश्वरी, मनोज माहेश्वरी, राजीव पंडित, श्यामलाल शर्मा, मंगलम एमएस सिसोसिया, कैलाश गुप्ता, बी एम गुप्ता, उपेन्द्रसिंह शिखरवार, विक्रम दुग्गड, विजय कमलेश मेहता, जितेंद्र भिरमा, अर्जुन परमार, अशोक शर्मा, भूपेंद्र चन्द्रावत, अरुण सोनी, रेखा सोनी, प्रिया रजाक, रूबी शुक्ला, सबरी बाई, भावना शर्मा, ऋतु चन्द्रावत, सुनीता राठौड़, यशोदा परमार, आशा शर्मा, ज्योति भाटी, कृष्णा व्यास, बागडी मेडम, विमला गहलोत, सुमित्रा गहलोत, मंगला जोशी, नेहा शर्मा, लता लोहार, निकिता उम्रा शर्मा, आरती मेहता, रीना शिखरवार, ज्योति भिरमा, पवन उदीया सहित बड़ी संख्या में भक्त कावड यात्रा में उपस्थित रहे। सभी का आभार आयोजक कर्ता एस एल शर्मा ने व्यक्त किया।



## सतत सक्रियता, निष्काम कर्म व मोह का त्याग जीवन की सार्थकता के सूत्र हैं...

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर अध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अपने सम्बोधन में गांधीवादी विचारक श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि .सतत सक्रियता, निष्काम कर्म व मोह का त्याग जीवन की सार्थकता के सूत्र है . आपने कहा कि जो घडी बंद हो जाती है उसे कबाड के साथ डाल दिया जाता है. उसी प्रकार निष्क्रिय व्यक्ति का सम्मान व गोरव कायम नही रहता.है.इसलिये जब तक क्षमता है तब तक गतिशील रहना चाहिए. श्री कृष्ण के गीता उपदेश का अनुसरण कर निरंतर कर्म करते रहना चाहिए यह कर्म निष्काम होना चाहिए. जिसे प्रभु के न्याय में आस्था है वही अनासक्ति अपना सकता है.आपने कहा की मिटटी के घडे की तरह मानव शरीर भी नाशवान है इसके प्रति मोह उचित नही है.वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि संकल्प पूर्वक सर्व जन हिताय कार्य करने से सफलता अवश्य मिलती है. आपने कहा की पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा करना श्रेष्ठ कार्य है. हिंदी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार जोशी ने कहा कि क्रोध व अहंकार पतन का कारण है इसलिए इन विकारों से दूर रहना ही उचित है. श्री कन्हैयालाल पंड्या, प्रवीन गुप्ता, राजकुमार जसवंत, सत्यनारायण भूरिया, शांतिलाल सोनी, यशवंत प्रजापति ने विचार, गीत, भजन प्रस्तुत किये. ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र जोशी ने स्वागत किया.आयोजन में सरल स्वभाव के धनी समाजसेवी श्री लालचंद गिडवानी का सम्मान किया गया. अध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने गतविधियो की जानकारी प्रस्तुत की. सञ्चालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने किया, आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।

## सम्मान व संवाद कार्यक्रम का किया प्रसारण

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डॉ. उमा गगरानी ने बताया की महाविद्यालय में मुख्यमंत्रीजी, मध्य प्रदेश शासन के द्वारा महाविद्यालयीन एवं विद्यालयीन बालिकाओं के सम्मान एवं संवाद के कार्यक्रम का रवीन्द्र भवन भोपाल से सीधा प्रसारण महाविद्यालय में किया गयों छात्राओं ने मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त कीं। इस अवसर पर महाविद्यालय कीप्राचार्य द्वारा छात्राओं एवं स्टाफ को निर्देशित किया गया की आप सभी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरघर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगे झंडे को अपने घर पर लगाए एवं अपने आस पास केलोगोंको भीऐसा करनेके लिए प्रेरणा देवें उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. पी एल पाटीदार, डॉ. सुधीर रायजादा, डॉ राजश्री ठाकुर, डॉ. निरंजन गंगवाल, डॉ. आरिफ पठान, डॉ. माया अग्रवाल, डॉ. प्रीती मुरडिया, श्री दिलीप सिंह कांदिल, डॉ. अनुराग आर्य, श्री मनीष पांचाल, डॉ. दीपक परमार, डॉ अंजलि जैन सहित अन्य शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राओं के द्वारा सहभागिता की गईं सीधे प्रसारण के लिए तकनिकी सहयोग श्री कांतिलाल कुमावत, श्री कपिल जैन एवं श्री चन्द्रशेखर द्विवेदी ने कियों



## मंदसौर से 121 पैदल यात्रियों का दल सांवलियाजी हुआ रवाना

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** श्री पशुपतिनाथ महादेव नगरी मंदसौर से सांवलिया सेठ तक पदयात्रियों का दल रविवार को रवाना हुआ। यात्रियों को पशुपतिनाथ महादेव मंदिर परिसर स्थित संस्कृत पाठशाला में विधायक श्री विपिन जैन ने पुष्पमाला पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए रवानगी दी। तीन दिवसीय यात्रा का अंतिम पडाव 14 अगस्त को सांवलिया जी में होगा। इस पदयात्रा में 121यात्री सम्मिलित है जिसमें महिला पुरूष और बच्चे भी हैं।

यात्रियों के प्रति शुभकामनाएं प्रेषित करतें हुए विधायक विपीन जैन ने कहा कि यात्रा का जो उद्देश्य है भगवान सकुशल आपकी यात्रा पुर्ण उद्देश्य के साथ पुरी करे। यात्रा के प्रभारी एवं संयोजक श्री दिनेश जोशी ने बताया कि यह यात्रा का 6ठां वर्ष है इस यात्रा में अमलावद, राकोदा, निपानिया, आकोदडा, नन्दावता, ताजखेडी सहीत कइ गांव के भक्तजन यात्रीगण सहभागी बनते हैं। यात्रा पुरी तरह से निशुल्क रहती है पुरे आनंद के साथ यात्रा प्रारंभ होती है जिसमें क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर सांवलिया सेठ से प्रार्थना की जाती है कि अंचल सहीत पुरे देश में अमन चैन का वातावरण बने हर भारतीय उन्नति के शिखर पर पहुंच कर देश के विकास में आगे बढ़े।

## नवांकुर बाजखेड़ी ने कबीर आश्रम में पौधारोपण किया

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** ग्राम विकास प्रस्फुटन नवांकुर बाजखेडी एवं पारेश्वर युवा ग्राम विकास समिति नोगावा द्वारा संत कबीर आश्रम समिति द्वारा गुर्जर बड़िया स्थित कबीर आश्रम पहुचकर एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत 200 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का सदेश दिया। संत कृष्णा साहेब द्वारा बताया कि वृक्ष हमारे जीवन में एक अहम भूमिका निभाते हैं वृक्षों को बच्चों की तरह पालना चाहिए और बडे होने के बाद वही वृक्ष फल के साथ-साथ छाया भी देते हैं जिससे वातावरण शुद्ध रहता है। लाला भाई अजमेरी ने बाताया जिस तरह से आजकल हरियाली कम हो रही है वो हमारे आने वाली पीढियों के लिए भी घातक साबित हो सकता हैं, हम सभी को-दइेच;वृक्षारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन नवांकुर बाजखेडी अध्यक्ष बानो बी, सचिव मंजु भावसर, जन्नत बी, लाला भाई अजमेरी, पारेश्वर युवा ग्राम विकास समिति नोगावा रतनलाल चौहान, लीला परिहार, गोपाल मालवीय, कमला बामनीया, नाथुलाल चौहान, जगदीश मालवीय, राजु मालवीय, ओपी वर्मा उपस्थित थे।

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज मंदसौर में बालिकाओं का सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण संपन्न



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महाविद्यालयीन एवं विद्यालयीन बालिकाओं के सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को दिनांक 11 अगस्त 2024 देखा गया। उपरोक्त कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता, महाविद्यालयीन शैक्षणिक संवर्ग के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, एनएसएस, एनसीसी एवं स्पोर्ट्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** ध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मंदसौर के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित बैचलर ऑफ़ सोशल वर्क एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्क की कक्षाओ के शुभारंभ कार्यक्रम जनपद पंचायत मंदसौर सभागृह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, डॉ जे.के. जैन, नगर तहसीलदार सोनिका सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अनामिका जैन, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री शर्मा द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को नए सत्र की शुभकामनाएं दी। श्री बैरागी ने कहा कि दिनांक 13 अगस्त 2024 को मंदसौर में शिवना तिरंगा महिला रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में महिलाएं सहभागिता करें। कार्यक्रम में उपस्थित मेंटर्स रघुवीर सिंह राठौर, रूपदेव सिंह सिसोदिया, सृष्टि शर्मा, अनिल सुमन, नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक संस्था से दिनेश सोलंकी, उषा सोलंकी, मंजूभावसार, जन अभियान परिषद से अर्चना रामावत दशरथ नायक राजू प्रजापति एवं सभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### आजादी के तरानों से गूंज उठा नीमच शहर...

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत नीमच जिला पुलिस ने निकाली तिरंगा वाहन रैली

**नीमच, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत कलेक्टर श्री दिनेश जैन, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम नीमच से रविवार को वृहद तिरंगा वाहन रैली आयोजित की गई। इस रैली में कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एसपी श्री अंकित जायसवाल एवं अन्य अधिकारियों ने वाहन पर सवार होकर रैली के साथ नीमच शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा लगाने का संदेश दिया।

इस वृहद वाहन रैली में जिला पुलिस नीमच के पुलिस बैंड ने भी भाग लिया और पुलिस बल के बैंड द्वारा प्रस्तुत आजादी के तरानों और देशभक्ति के गीतों



से नीमच शहर गूंज उठा। यह वृहद तिरंगा वाहन रैली पुलिस कंट्रोल रूम नीमच से प्रारंभ होकर फवारा चौक, कमल चौक, टैगोर मार्ग, भारत माता चौराहा, विजय टॉकीज चौराहा, सीआरपीएफ चौराहा, चोपडा चौराहा, एलआईसी चौराहा, अंबेडकर मार्ग, मेसी फर्गुसन चौराहा, गुप्ता नर्सिंग होम, डाक बंगला भगवानपुरा चौराहा, नीमच नाका, शहीद स्मारक से वापस भगवानपुरा चौराहा, मेस्सी फर्गुसन चौराहा, कंट्रोल रूम, फवारा चौक, होते हुए बारादरी, नया बाजार, घंटाघर, तिलक मार्ग, ज्ञान मंदिर कॉलेज एवं शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए दशहरा मैदान पर आकर रैली का समापन हुआ। रैली के समापन पर कलेक्टर एवं एसपी ने उपस्थित जनों को हर घर तिरंगा लगाने की शपथ भी दिलाई। वृहद तिरंगा वाहन रैली का विभिन्न स्थानों चौराहा पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर नीमच के सीएसपी श्री अभिषेक रंजन, रक्षित निरीक्षक श्री विक्रम सिंह, थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवानों ने भाग लिया। रैली के समापन अवसर पर पुलिस बैंड ने देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी। कलेक्टर एवं एसपी ने आकाश में तिरंगे गुब्बारे भी छोडें।

## पशुपतिनाथ मंदिर तक निकली पैदल कावड़ यात्रा

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 11 अगस्त रविवार को गांधीनगर शिव भक्त महिला मंडल के द्वारा भगवान ओंकारेश्वर महादेव मंदिर गांधीनगर से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर तक पैदल कावड यात्रा निकाली गई। इसमें गांधीनगर की महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। कावड यात्री मार्ग में नाचते गाते हुए कावड में गंगाजल लेकर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और वहां भगवान पशुपतिनाथ का जलाभिषेक किया एवं विश्व शांति की कामना की।

# मप्र छत्तीसगढ़ पुनर्गठन विधेयक की धारा 49(6) की बाध्यता समाप्त हो

## पेंशनर महासंघ ने उप मुख्यमंत्री देवड़ा को ज्ञापन देकर की मांग

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मन्दसौर द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के तहत द्वितीय चरण में जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन कार्यक्रम अन्तर्गत 11 अगस्त को मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा को उनके निवास पर जाकर महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक रामावत के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चन्द्रे की विशेष उपस्थिति में ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचन जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा ने किया,।



उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने पेंशनरों से चर्चा कर विस्तृत जानकारी की। जिला अध्यक्ष अशोक रामावत व जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा ने उपमुख्यमंत्री को मध्यप्रदेश छत्तीसगढ पुनर्गठन विधेयक की धारा 49- 6 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी व बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2017 में दोनों प्रदेशों के मुख्य सचिव को लिखे पत्र भी निर्देश दिए थे कि मंहगाई राहत जारी करने के लिए परस्पर किसी प्रकार की सहमति की आवश्यकता नहीं होती है। मांगपत्र पर प्रतिनिधि मंडल से श्री देवड़ा ने लगभग 20 मिनट एक-एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने शीघ्र ही मांगों के निराकरण का आश्वासन दिया तथा कहा कि मैं भी चाहता हूं कि यह मसला जल्दी से जल्दी समाप्त हो,। इस हेतु विभाग के अधिकारियों व पेंशनर नागरिक महासंघ के प्रतिनिधियों से बैठक कर शीघ्र ही निराकरण किया जावेगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला कोषाध्यक्ष कोमल वाणावर, नगर अध्यक्ष आनन्दीलाल पण्ड्या, नगर सचिव अशोक नागदा, कोषाध्यक्ष संजय महाराणा, उपाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, जिला सह सचिव अनिल श्रोत्रिय, संगठन सचिव निरंजन पोरवाल, अशोक पंवार, गोविंददास पारिख, श्री जादौन, अमृतलाल पाण्डेय, गोपालदास रामावत, देवकीनंदन पालरिया, सतीष शर्मा, कैलाश उपाध्याय, डे केयर सेंटर उप व्यवस्थापक एस.एन. श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शर्मा, शिवनारायण सक्सेना श्यामलाल सोनी, रमेशचन्द्र सोनी, प्रकाश जैन आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रचार सचिव श्री भूपेश पांडे द्वारा दी गई।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंधित

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा बताया गया की पंचायत उप निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 18 सितंबर 2024 तक की अवधि के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया। प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार निर्वाचन अवधि के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन प्रचार के समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने के लिये विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ कार्यापालिक दण्डाधिकारी से लेना होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि के लिये ही अनुमति प्रदान की जाएगी। अनुमति जारीकर्ता अधिकारी शासन द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशो के अधीन स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अनुमति देने या आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने के लिये सक्षम होगें।




### लगाओ एक पौधा..



अपनी मां के नाम
ऑक्सीजन की जरूरत
कोरोना ने समझाई
हुई नहीं भरपाई
बहुत जाने गवाई।
पेड़ों के काटने से
आई विपदा भारी
पेड लगाने में ही
अब है समझदारी।
मिलती रहे ऑक्सीजन
तो करो एक काम
लगाओ एक पौधा
अपनी मां के नाम।

-नंदकिशोर राठौर, मंदसौर

# विकसित राष्ट्र के लिये आमजन का सशक्त होना अनिवार्य-श्रीमती पाटीदार

**सीतामऊ, 11 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** देश को विश्व गुरू बनाने के लिये सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। ग्रामीण क्षेत्रो के छात्र एवं छात्राओं को गांव की समस्याओं की पहचान कर उनके निराकरण करने का यह सबसे अच्छा मंच है। मुख्यमंत्री सामुदायीक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का उदेश्य यही है की गांव से ही नेतृत्व तैयार हो और सामुदायीक सहभागीता से इसका निराकरण किया जा सके।

उक्त विचार जिला पंचायत मंदसौर की अध्यक्षा श्रीमति दुर्गा पाटीदार ने सरसकुंवर विद्यालय सीतामऊ में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायीक नेतृत्व



क्षमता विकास पाठ्यक्रम के शुभारम् अवसर पर रखें। जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमति दुर्गा पाटीदार ने कहा की इस पाठ्यक्रम से आपको डिग्री के साथ ही गांव की समस्याओं को परखने एवं उनके निराकरण करने का अवसर प्राप्त होगा। शासन की समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार भी करें जिससे आमजन को शासन की योजनाओ का लाभ मिले। विकसीत राष्ट्र के लिये आमजन को जागरूक एवं सशक्त बनाना होगा। अध्यक्षा श्रीमति पाटीदार ने कहा की गांव-गांव में देश प्रेम के लिये तिरंगा यात्रा निकालना है, साथ ही युवाओं को राष्ट्र प्रेम के लिये अपना योगदान देना होगा। अध्यक्षा श्रीमति दुर्गा पाटीदार द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने स्वागत उदबोधन के साथ ही मध्यप्रदेश जनअभीयान परिषद की समस्त योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। परामर्शदाता हरिओम गंधर्व, हेमन्त गोड, मंगला बैरागी, चरणसिंह चौहान, सत्यनारायण प्रजापत ने भी अपने विचार व्यक्त कर सीएमसीएलडीपी कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अतिथियों द्वारा पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। एक पोधा मां के नाम अभियान में सभी विद्यार्थियों ने मिलकर 5 छायादार पोधे लगाएं। साथ ही कार्यक्रम के अंत में तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन हरिओम गंधर्व ने किया। अंत में आभार नारायणसिंह निनामा ने माना।

दिनांक 12 अगस्त 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
जन्मकुण्डली में प्रबल गुरु..



✲ यदि आपकी जन्म कुंडली में गुरु ग्रह प्रबल है तो आप बहुत ही ज्ञानवान, विद्वान् एवं चतुर होंगे। प्राय: ऐसे लोगो का जीवन अधिकांश सुख में व्यतीत होता है, निरंतर कुछ न कुछ नया सीखने के प्रबल इच्छुक तथा किताबों व धार्मिक शास्त्रों में रूचि रखने वाले होते है।ऐसे लोग जीवन में शीघ्र ही उन्नति कर लेते है।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

# राजाधिकारी श्री किलेश्वर महादेव निकलेंगे शहर भ्रमण पर

## आज महाकाल की तर्ज पर निकलेगी शाही सवारी, भोलेनाथ की भक्ति में डूबेगा शहर

**नीमच, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पवित्र माह सावन के चौथे सोमवार पर 12 अगस्त को नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए शहर भ्रमण करेंगे। भगवान श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी उज्जैन के महांकाल की तर्ज पर निकलेगी। फूलों से श्रृंगारित रथ पर भोलेनाथ विराजित रहेंगे। शाही सवारी में झांकियां, कोटा के अखाडे, भस्म आरती सहित कई कलाकार आकर्षक प्रस्तुतियां देते हुए चलेंगे, जो भक्तों का मन मोह लेंगे। आयोजक अरूल अशोक गंगानगर द्वारा शाही सवारी के सफल आयोजन को लेकर तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सोमवार को पूरा शहर शिव भक्ति में डूबेगा वहीं शाही सवारी में भक्तों का सैलाब उमड़ेगा।

चमत्कारिक श्री किलेश्वर मंदिर अति प्राचीन होकर आस्था का केंद्र है। करीब 450 वर्ष पुराने श्री किलेश्वर मंदिर में विराजित चमत्कारिक शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तों के कष्ट दूर होते है। सावन माह के दौरान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का अलग ही महत्व है। इस लिहाज से श्री किलेश्वर मंदिर में दर्शन करने वालों की संख्या हजारों में पहुंच रही है। शहर सहित आसपास के भक्तों को शाही सवारी का बेसब्री से इंतजार रहता है। सोमवार को शाही सवारी में साक्षात भोलेनाथ विराजित होकर प्रजा को आशीर्वाद देते चलेंगे। शाम करीब चार बजे श्री किलेश्वर महादेव मंदिर से शाही सवारी शुरू होगी, जो स्टेशन रोड होते हुए ज्ञानमंदिर के समीप श्री अग्रसेन वाटिका पहुंचेगी। यहां पर युवा समाजसेवी व आयोजक अरूल अरोरा गंगानगर द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद यहां से आकर्षक रूप लेती हुई शाही सवारी शुरू होगी, जो तिलक मार्ग, घंटाघर, नयाबाजार होते हुए बारादरी, फव्वारा चौक, कमल चौक, फोर जीरो पर पहुंचेगी। फोर जीरो पर सैकडों भक्तों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद स्टेशन रोड होते हुए वापस श्री किलेश्वर महादेव पहुंचेगी, जहां पर शाही सवारी का विश्राम होगा।

**हैरत अंगेज करतब, मन मोह लेने वाली झांकियां–**भगवान श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी का बडे स्तर पर आयोजन करने की तैयारियां बीते एक माह से युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा की जा रही है, शहर होर्डिंग्स से पट गया है वहीं भक्तों की सुविधा के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। कोटा के अखाडे शाही सवारी में बुलाए गए है, जो हैरत अंगेज करबत दिखाएंगे। इसमें मलखम्ब भी शामिल है, भस्म आरती साथ में चलेगी, जिसमें अघोडी अलग ही अंदाज में नजर आएंगे।

**शाही सवारी का पग–पग पर स्वागत, हर वर्ग शाही सवारी में शामिल होगा–**शाही सवारी का नीमचवासी पलक–पावडे बिछाकर स्वागत करेंगे। पग–पग पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, संस्था व विभिन्न दलों से जुडे हुए पदाधिकारी स्वागत करेंगे। शाही सवारी वाले रूट पर कई जगहों पर स्वागत द्वार बनाए गए है, शाही सवारी में भगवान भोलेनाथ के जयकारें लगते रहेंगे वहीं पुष्पवर्षा से स्वागत होता रहेगा।

# सिंधिया समर्थक उपेक्षा का शिकार

## कांग्रेस से आए नेताओं को नई सरकार में नहीं मिलेगा पद

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में निगम और मंडलों में होने वाली राजनीतिक नियुक्तियों में भाजपा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थकों और कांग्रेस से आए नेताओं से दूरी बनाएगी। कार्यकर्ताओं की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी में जुटे भाजपा के वरिष्ठनेताओं की एक दौर की बैठक हुई है।बैठक में यह तय किया गया है कि पिछली सरकार में जिस तरह से निगम और मंडल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष और मंत्री दर्जा देकर सिंधिया समर्थकों को बडी संख्या में कुर्सी पर बैठाया गया था, यह नई सरकार में नहीं होगा। इसके पीछे पार्टी नेतृत्व का मानना है कि पिछली सरकार में बाहर से आए लोगों को कुर्सियों पर बैठाने से भाजपा के मूल कार्यकर्ता हतोत्साहित हुए।

**कार्यकर्ताओं को मनाने में मशक्कत–**गौरतलब है कि सरकार में कांग्रेस से आए नेताओं की भारी-भरकम भागीदारी के कारण वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को कार्यकर्ताओं की नाराजगी का सामना करना पडा, इससे निपटने के लिए पार्टी ने कई बडे नेताओं को जिलों में भेजकर जैसे-तैसे कार्यकर्ताओं को मनाया था।

**हारे नेताओं को भी पद–**दरअसल, वर्ष 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस के 22 विधायकों के साथ भाजपा में आए थे और त्यागपत्र देने के कारण सभी सीटों पर उपचुनाव हुए थे। जो जीते, वे सभी मंत्री पद पर बरकरार रहे, जो हारे उन्हें निगम और मंडल में अध्यक्ष बनाकर मंत्री दर्जा दे दिया गया। ऐसे लोगों में इमरती देवी, रघुराज कंसाना, गिर्राज डंडोतिया, रणवीर जाटव, जसवंत जाटव, मुन्ना लाल गोयल प्रमुख हैं।इसके अलावा भी कांग्रेस पृष्ठभूमि से आए प्रदीप जायसवाल, प्रद्युम्न सिंह लोधी और राहुल लोधी को भी महत्वपूर्ण निगम में अध्यक्ष बनाया गया था। इन नियुक्तियों के कारण भाजपा कार्यकर्ता दरकिनार हो गए, लेकिन अब भाजपा ऐसा कोई घातक कदम नहीं उठाएगी।

**कोई कोटा भी नहीं चलेगा–**भाजपा के दिग्गजों ने यह भी तय किया है कि मंत्री दर्जा बांटने में कोई कोटा भी नहीं चलेगा। कुछ पूर्व संगठन मंत्रियों को भी पिछली सरकार में मंत्री दर्जा दिया गया था, अब उन्हें भी प्रत्यक्ष तौर पर पार्टी के लिए काम करने का निर्देश दिया गया है।पार्टी के वरिष्ठनेताओं में विचार रखा है कि इन्हें एक बार सरकार में अवसर दे दिया गया है। अब पद पाना है तो पार्टी के प्रति अपना योगदान दें और सक्रियता बढाए, विशेषाधिकार अब नहीं चलेगा।

**इनका कहना–**भाजपा की बहुमत की सरकार है। पार्टी में किसी प्रकार की कोई गुटबाजी नहीं है। जहां तक राजनीतिक भागीदारी का सवाल है तो यह पूर्णत: सरकार और पार्टी नेतृत्व का विषय और विशेषाधिकार है। वे कार्यकर्ताओं की निष्ठा-समर्पण और योग्यता देखकर ही चयन करेंगे।

**–डॉ. हितेष वाजपेयी**
**प्रवक्ता भाजपा मप्र**

## श्री एकलिंग महादेव मंदिर पर उमड़ रहा भक्तों का सैलाब, प्रतिदिन हो रही महाआरती



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नंबर 2 मंदसौर स्थित श्री एकलिंग महादेव मंदिर पर इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड रहा है। सावन माह के प्रारंभ से ही दूर दराज क्षेत्रों से भगवान श्री एकलिंग महादेव के भक्त दर्शनों हेतु आ रहे है। यहाँ के विद्वान पंडित श्री मनोहरलाल शर्मा द्वारा प्रतिदिन श्री एकलिंग महादेव का विशेष श्रृंगार सभी भक्तों के माध्यम से किया जा रहा है। सुबह-शाम भगवान की आरती होती है जिसमें बडी संख्या में भक्तजन आरती में सम्मिलित होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। लगभग 150 साल प्राचीन इस मंदिर के बारे में ऐसा बताया जाता है कि जो भी भक्तजन सच्चे मन से यहां आता है उसकी मुराद श्री एकलिंग महादेव अवश्य पूरी करते है। यह जानकारी पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने दी।

## कैटेगरी की जगह मैरिट के अनुसार मिलेगी सीट

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूल से पढे विद्यार्थियों को उनकी कैटेगरी में सीट नहीं मिलेगी, बल्कि मेरिट के आधार पर उन्हें उस पात्र कैटेगरी में सम्मिलित किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर भले ही कोई अभ्यर्थी आरक्षित श्रेणी का है पर वह मेरिट में अनारक्षित की बराबरी में है तो उसे इसी में रखा जाएगा और सीट आवंटित की जाएगी।सरकारी और निजी मेडिकल और डेंटल कालेजों में एमबीबीएस और बीडीएस में प्रवेश के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 12 अगस्त (सोमवार) से प्रारंभ हो गई है। जिसमें इस परिवर्तन को शामिल किया गया है।

**सरकारी स्कूल में पढ़ने वालों को मिलेगा फायदा–**उल्लेखनीय है सरकारी स्कूल से पढने वाले विद्यार्थियों को एमबीबीएस सीटों में पांच प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता है। इसमें वह विद्यार्थी पात्र होते हैं जिन्होंने शासकीय स्कूल में कक्षा 6वीं से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो या फिर आठवीं तक निजी स्कूल में पढने के बाद 9वीं से 12वीं तक शासकीय स्कूल में अध्ययन किया हो।अभ्यर्थियों के हित में इस वर्ष एक बार मापअप राउंड के पहले भी पंजीयन का विकल्प दिया जाएगा। पिछले वर्ष तक ऐसी व्यवस्था नहीं थी। दूसरा यह कि पहले चरण में आवंटित सीट पर प्रवेश नहीं लेने वाले को भी दूसरे चरण में अवसर दिया जाएगा। अनिवार्य ग्रामीण सेवा बंधपत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

# प्रतिबंध बेअसर, बन रही पीओपी की प्रतिमाएं

### बाजार में आने के बाद निभाई जाएगी औपचारिकता



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। बारिश शुरू होने के पहले ही मूर्तिकारों ने ऑर्डर लेने के साथ तैयारी शुरू कर दी थी। शहर सहित जिले भर में बीस से अधिक कलाकार गणेशजी की मूर्तियों को आकार देने में लगे हैं। इस साल शहर में ही 15 हजार से ज्यादा मूर्तियों का निर्माण होना है, खास बात यह है कि इसमें 12 हजार से ज्यादा प्रतिबंधित पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) की मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। अधिकतर तैयार हैं और कुछ जगह रंगरोगन शुरू हो चुका है। ये मूर्तियां शहर व जिले के साथ आसपास के जिलों तक बिकने के लिए जाती हैं। वहीं इंदौर, उज्जैन से बड़ी संख्या में भी दूसरे व्यापारी पीओपी की मूर्तियां लाकर बेचते हैं। बावजूद प्रशासन का ध्यान इस तरफ नहीं है। जब पीओपी की मूर्तियां बेचने के लिए तैयार होकर बाजार में दिखने लगेंगी तब प्रशासन औपचारिकता निभाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करेगा। यदि दो-तीन सालों को देखें तो शहर में एक भी कार्रवाई इसे लेकर नहीं हुई है।

प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों का नदियों, तालाबों और जिन जलाशयों में विर्सजन किया जाता है, वहां सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलता है। इसी कारण केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा पीओपी की मूर्तियों पर रोक लगाने के साथ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक प्रतिबंध लगा चुका है। प्रदेश में भी सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है, बावजूद शहर में हर साल हजारों गणेशजी की मूर्तियों के बाद नवरात्रि में भी देवी की मूर्तियां बिकती हैं। वर्तमान में शहर में 20 से ज्यादा स्थानों पर 6 इंच से लेकर 8 फीट तक की पीओपी की मूर्तियों का निर्माण हो रहा है। यह सब सांचे से बनती हैं और इसलिए कम समय में तैयार हो जाती हैं।

**पीओपी में रसायन हानिकारक–**जिला प्रशासन को भी अच्छे से पता है कि पीओपी से बनी मूर्तियां न सिर्फ जलीय जीव-जंतुओं के लिए खतरा हैं बल्कि वातावरण भी दूषित करती हैं। इसके कारण नदी, तालाब व अन्य जलाशयों का पानी भी दूषित होता है। बावजूद प्रशासन इनको बनाने से रोकने में गंभीरता नहीं दिखाता है। जानकारों के अनुसार पीओपी मूर्तियों में जिप्सम, सल्फर, फॉस्फोरस और मैग्निशियम होता है। वहीं मूर्तियों में लगने वाले रंगों में मरकरी, लेड, कैडमियम और कार्बन होते हैं। इन तत्वों के कारण पानी में एसिड बनता है। इसके उपयोग से लोगों को त्वचा संबंधी रोग होते हैं। साथ ही जलाशयों में रहने वाले जीव व आसपास के पेड़, पौधों को भी नुकसान पहुंचता है।

**आधे से एक घंटे में बन रही हैं पीओपी मूर्तियां–**मिट्टी की मूर्तियों की जगह पीओपी की मूर्तियां कम समय में बन जाती हैं। छोटी से लेकर बड़ी पीओपी की मूर्ति आधे से एक घंटे में बन जाती हैं। मूर्तिकारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मूर्ति बनाने के लिए इसका सांचा (खाका) आजकल बड़े शहरों में आसानी से मिल जाता है। यदि संभलकर काम करें तो एक ही सांचा दो-तीन साल काम आ जाता है। साइज के हिसाब से दो-तीन दिन इसे सूखने में लगते हैं। इसके बाद रंग-रोगन किया जाता है। छोटे से लेकर बड़े आकार की मूर्तियों को हजारों रुपए में बेचा जाता है।

**सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई थी याचिका–**सुप्रीम कोर्ट द्वारा 18 सितंबर-2023 को प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी गणेश मूर्तियों पर रोक के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बैंच ने कहा था कि आपको कुछ भी बनाना है वो मिट्टी का बनाएं।

# नदी में डूबने से महिला की मौत

### 4 साल की बच्ची लेकर नहाने गई थी

**नीमच, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के जीरन थाना क्षेत्र गांव सिमखेड़ा में रेतम नदी में नहाने गई महिला की पानी में डूबने से मौत हो गई है। जिसके बाद रविवार को महिला के शरीर का परिजनों और नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया।

घटना शनिवार शाम की है। जब महिला निर्मला(28) अपनी 4 वर्षीय बेटी के साथ गांव के पास स्थित रेतम नदी पर नहाने गई थी। इसी दौरान वह अचानक पानी में डूबने लगी तभी पास के खेत में काम कर रहे महिला के माता पिता को बच्ची ने जानकारी दी। जब तक माता पिता वहां पहुंचे पर तब तक देर हो चुकी थी। महिला पानी में डूब चुकी थी।उसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में कड़ी में मशक्कत के बाद महिला के शव को बाहर निकल गया और नीमच जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।महिला के शव का रविवार को नायब तहसीलदार जागृति जाट और परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है।मृतका का ससुराल बांसवाड़ा जिले में है। तीन वर्ष पहले ही पति की मौत हो चुकी है। जिसके बाद से महिला अपने माता पिता के यहां सिमखेड गांव में ही रहती थी।



## डिप्टी सीएम ने किया पाठ्य पुस्तकों का विमोचन

**पिपलियामंडी, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मप्र जन अभियान परिषद् योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग के तहत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सत्र आरंभ पर पाठ्य पुस्तकों का विमोचन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत पौधरोपण किया। पश्चात तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता इन्द्रजीत भट्ट, ब्लाक समन्वयक अर्चना भट्ट, महाविद्यालय प्रोफेसर सचिव कारपेन्टर, परामर्शदाता विजय बैरागी, बालमुकुन्द मालवीय, भागीरथ पाटीदार, नरेन्द्र पांडे, बद्रीलाल चोहान, तमन्ना भट्ट आदि मौजूद रहे।

# उच्च पद प्रभार को लेकर शिक्षक परेशान

## 7 दिन में कैसे करें ज्वाइन, नहीं हो पा रहे रिलीव

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** उच्च पद के प्रभार को लेकर शिक्षकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी किसी संवर्ग को अयोग्य घोषित कर दिया जाता है, तो कभी जिला शिक्षा अधिकारी उनकी योग्यता वृद्धि के दस्तावेजों को प्रमाणित नहीं करते हैं। अब नई समस्या सामने आई है। काउंसिलिंग के बाद शिक्षक को दूसरे स्कूल में पदस्थ कर दिया, उन्हें 7 दिन में ज्वाइन करने को कहा गया है और जिला शिक्षा अधिकारी और उनके अधिनस्थ रिलीव ही नहीं कर रहे हैं। शासकीय शिक्षक संगठन ने इस पर विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय ने 6 अगस्त को उच्च पद के प्रभार के आदेश जारी कर दिए। प्रभार वाले शिक्षकों से कहा गया है कि 7 दिन में दूसरे स्कूल में ज्वाइन करें। यानी इसके बाद उच्च पद के प्रभार का आदेश स्वत: ही निरस्त हो जाएगा। यह जानते हुए भी जिले के अधिकारी इन शिक्षकों को रिलीव नहीं कर रहे हैं। उच्च पद का प्रभार प्राप्त शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि जिला स्तर के अधिकारी इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं और जहां कर भी रहे हैं तो प्रक्रिया बहुत धीमी है। ऐसे में दूसरे स्कूलों में कार्यभार कैसे ग्रहण करें। मांग की गई है कि यदि जिला स्तर पर कार्यमुक्त करने में देरी ही हो रही है, तो आयुक्त लोक शिक्षण इन सभी शिक्षकों को 7 के स्थान पर 15 दिन का समय दे दें। ताकि बगैर किसी परेशानी के ये शिक्षक पदभार ग्रहण कर सकें।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

**नीमच, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत् एसीईओ श्री अरविंद डामोर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना के मार्गदर्शन में रेड्क्रॉस नशा मुक्ति केंद्र द्वारा शनिवार को ग्राम दारू में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत् गांव में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशा मुक्ति केंद्र की भर्ती प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। साथ ही उपस्थि?तजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और नशा मुक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत दारू में युवाओं वरिष्ठजनों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को नशा मुक्ति के बारे में विस्तार से बताया और नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती की प्रक्रिया से समझाया तथा सभी ने एक जुट होकर अपने गांव को नशा मुक्त बनाने को संकल्प लिया।

# गर्रावद के सचिव सोलंकी को किया निलंबित

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर ने ग्राम पंचायत गर्रावद के सचिव श्री सुंदरलाल सौलंकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'हर घर तिरंगा अभियान' के प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाना है। उक्त निर्देशों के उपरांत भी ग्राम पंचायत गरावद के सचिव श्री सुंदरलाल सौलंकी द्वारा शासन के महत्वपूर्ण अभियान में व्यक्तिगत रूची न लेते हुए 10 अगस्त 2024 को ग्राम पंचायत गर्रावद जनपद पंचायत मल्हारगढ़ को बंद रखा जाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से वंचित रखा जाकर अपने सचिवीय पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही तथा उदासीनता बरतने पर श्री सौलंकी सचिव ग्राम पंचायत गर्रावद को म.प्र.पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 भाग-2 (क), (ख) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से सचिव के पद से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनको जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होता रहेगा तथा निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत मल्हारगढ़ रहेगा।

### बच्चों ने अपनी अभिव्यक्ति को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरा

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्व. नवलबाई कनकमल मेहता शिक्षण समिति ने शासकीय मिर्जापुरा माध्यकि स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें पहली से पांचवी तक की कक्षा के लिये एक ग्रुप व छटी से आठवीं तक के लिये दूसरा ग्रुप बनाया। करीब 100 छात्र छात्राओं ने भाग लेकर अपनी अभिव्यक्ति को सुंदर रूप से कागज पर उकेरा। दोनों ग्रुप के प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिये। सभी 100 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार में स्केच पेन के पैकेट दिये। समिति के अभय मेहता ने कहा कि छात्रों के बीच आकर आंतरिक खुशी व शांति मिलती है। डॉ. प्रवीण मण्डलोई ने कहा कि ऐसी गतिविधियां चलती रहना चाहिये जिससे बच्चो प्रोत्साहित हो। सतीश सोनी ने तुलसीदाम जयंती होने के कारण महाकवि तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। ललिता मेहता ने कहा कि 8-10 स्कूलों में स्टेशनरी वितरण, प्रतियोगिता का आयोजन व स्वेटर वितरण हमारा लक्ष्य है।

सब कुछ ऑनलाइन हुआ, नापतौल... पेज 1 से जारी

शिकायत के लिए उपभोक्ता सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं। इसके माध्यम से संबंधित विभाग को शिकायत ट्रांसफर की जाती है। लेकिन इसमें भी काफी वक्त लग जाता है, यहां भी त्वरित निराकरण नहीं हो पा रहा है। दूसरी बात यह है कि छोटी-छोटी चीजों के लिए आम आदमी सीएम हेल्पलाइन का सहारा नहीं लेता। स्थानीय स्तर पर ही शिकायत का निराकरण हो जाए , इसी मंशा के कारण उपभोक्ता शिकायत नहीं करते।

**यह है नापतौल विभाग के कार्य–**तौल के बांट, नाप एवं माप इत्यादि उपकरणों का समय अवधि में मुद्रांकन/सत्यापन का काम ताकि उपभोक्ताओं को सही मात्रा में सामग्री मिले। समय-समय पर व्यापारिक संस्थान के संचालक एवं अन्य व्यक्ति जो कि नाप, माप उपकरणों का उपयोग करते हैं उनको निर्धारित अवधि की समाप्ति के पूर्व नोटिस देना तथा उनके उपकरणों का फिर सत्यापन करना। सत्यापन एवं अन्य शुल्क की वसूली करना, बांट, माप, पैकेज, कमोडिटीज का अपने क्षेत्र के अंतर्गत आकस्मिक निरीक्षण करना। निरीक्षण पर त्रुटिपूर्ण एवं नियम विरुद्ध प्रचलित उपकरणों/पैकेजों को जब्त करना और नियमानुसार कार्रवाई करना।

### ✻✻✻ अवकाश सूचना ✻✻✻

दैनिक गुरु एक्सप्रेस परिवार में अखबार के संस्थापक श्री रामकृष्णजी नवाल का देवलोकगमन दिनांक 10 अगस्त 2024 को हो जाने से दिनांक 11 अगस्त 2024, रविवार का अंक प्रकाशित नहीं हो सका। अतएव दिनांक 12 अगस्त, सोमवार से पाठकों के समक्ष गुरु एक्सप्रेस का अंक रोजाना की तरह प्रकाशित होकर उपलब्ध हो सकेगा। सूचनार्थ।

**–सम्पादक**



## आज उज्जैन पहुंचेगी पिपलिया से निकली गौपद यात्रा, सीएम को देंगे ज्ञापन

**पिपलियामंडी, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया से शुरु हुई गौपद यात्रा सोमवार को उज्जैन पहुंचेगी। मंदसौर-नीमच जिले के गौसांसद हेमेन्द्रसिंह राठौर ने बताया गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने सहित अनेक मांगों को लेकर शनिवार को पिपलियामंडी से गौपद यात्रा शुरु हुई थी, यह यात्रा सोमवार को शाम उज्जैन पहुंचेगी, जहां सीएम मोहन यादव को ज्ञापन दिया जाएगा। इस यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष गोपालसिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह राठौड, विनोद पाटीदार, बलवीरसिंह चन्द्रावत, सचिन नागदा, हंसराजसिंह हाड़ा, कृष्णपालसिंह पंवार, अंकित जोशी, कन्हेयालाल सुथार, राजेन्द्रसिंह बोराना, भूपेन्द्रसिंह शक्तावत, उमेश सैनी, नाना उस्ताद, कुन्द, बंटी पाटीदार, अर्जुन पाटीदार, शंभूलाल पाटीदार, सुरेश पाटीदार, राजेश धाकड़, पंकज खटीक, नितेश बैरागी, दीपक बैरागी आदि शामिल है।

# रामचरित मानस से ही आज हमारा समाज संस्कारित हो रहा है-स्वामी सरस्वती

### केशव सत्संग भवन में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंति



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। इस अवसर पर रविवार को सत्संग भवन में महाकवि तुलसीदास जी की जयंति मनाई गई। जिसमें विशेष प्रवचनों के साथ माधव एकेडमी स्कूल के छात्रों ने अपनी विशेष प्रस्तुतियां दी।

रविवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने तुलसीदास जी के बारे में बताया कि तुलसीलदास जी महाकवि थे उनके द्वारा रचियता रामचरितमानस हम सबके लिए एक बडी देन है और हमारे लिए एक आदर्श है। वे समाज संस्कारक थे उनकी रामचरितमानस पूरे विश्व में प्रसिद्ध इसके लिए परिवार में कैसे शांति कैसे स्थापति, हो समाज में कैसे संस्कार स्थापित हो यह उनकी परिकल्पना थी हम उनका अनुशरण करेगे जो जीवन में भी शांति स्थापित होगी। इस अवसर पर माधव एकेडमी के छात्र दिव्यांश पाटीदार ने तुलसीदास जी के बारे संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। नमन सिंह, सक्षम पाटीदार, हरिओम ने गीत, राघव गुर्जर ने जीवन परिचय, प्रितेश उदिया, गिरीराज पाटीदार ने साहित्यिक विशेषताएं, भाषाएं एवं उनका भक्तिकाल, भविष्य पाटीदार, प्रितम पाटीदार ने दोहा, प्रतिक सेठिया, दर्शन जैन ने तुलसीदासजी की चौपाई प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यालय के ही वेदांत सेठिया, आदर्श पाटीदार, ईश्वरलाल पाटीदार, उमेश पाटीदार और वादक नवीन पाटीदार ने शानदार हनुमान चालिसा की प्रस्तुति दी। नकुल पाटीदार ने तुलसीदास जी की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। श्री माधव अकादमी के संचालक बालाराम गुप्ता ने ध्यान और मन की एकाग्रता पर बल देते हुए कहा कि हम जिस समय जो भी कार्य कर रहे हो उसे पूर्ण एकाग्रता और ध्यान पूर्वक करने पर ही सफलता मिलती है। मोहनलाल गुप्ता ने भी तुलसीदास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। संचालन ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया ने किया और आभार ट्रस्टी बंसीलाल टाक ने माना। कार्यक्रम का संचालन केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कारूलाल सोनी, मदनलाल गेहलोत, जगदीश गर्ग, आर सी पंवार, पं शिवनारायण शर्मा, राजेश तिवारी, राजेश देवडा, घनश्याम भावसार, शंकरलाल सोनी, रामचंद्र कोकन्दा, बाल किशन चौधरी, संतोष जोशी, कन्हैयालाल रायसिंघानी, भगवतीलाल पिलौदिया, राधेश्याम गर्ग सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।


**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 58/2024 दिनांक 10.08.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मिश्रीबाई पति प्रभुलालजी, जाति गुर्जर, निवासी ग्राम गुर्जर बर्डिया, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान क्रमांक 254, वार्ड नं. 02, पता-ग्राम गुर्जरबर्डिया, पटवारी हल्का नं. 00102, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र एमपी 249392024ए11011408, दिनांक 09.08.2024 से मेरे पक्षकार दशरथ पिता प्रभुलाल जाति गुर्जर, निवासी ग्राम गुर्जर बर्डिया, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मंदसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-नानालाल, पश्चिम में-प्रभुलाल, उत्तर में-आम रास्ता, दक्षिण में-जगन्नाथ, पैमाईश रकबा-900 वर्गफीट या 83.61 वर्गमीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in